हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
04 अगस्त 2024, समय 1305

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे नागरिकों के वोट बनवाने लिए अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें। श्री अग्रवाल चंडीगढ़ में प्रदेश के मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के द्वितीय पुनरीक्षण को लेकर बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि संशोधित मतदाता सूची की तैयारियों को लेकर 10 अगस्त तथा 11 अगस्त विशेष तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन तिथियों में बूथ लेवल अधिकारी विशेष रूप से मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे और लोगों के वोट बनाने के कार्य में सहयोग करेंगे। आज भी यह कार्य किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कुल 20,629 मतदान बूथ होंगे। 817 मतदान बूथ नये बनाए गए हैं और 699 मतदान बूथों का समायोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनावों को लेकर ईवीएम की पहले स्तर की जाँच भारत इलैक्ट्रानिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा राज्य के सभी 22 जिलों पर की जा रही है। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे अपने जिला स्तरों पर नियुक्त कार्यालय प्रभारियों से सम्पर्क करके जानकारी दें। श्री अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सम्बंधित जिले के निर्वाचन अधिकारी या चुनाव पंजीयन अधिकारी से सम्पर्क कर मतदाता सूची का प्रारूप प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल मतदाता सूचियों की हार्ड और सॉफ्ट दो प्रतियां पाने के हकदार हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया हैं और 26 अगस्त तक दावे व आपतियों का निपटान किया जाएगा। 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने कल बवानीखेड़ा हल्के में अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव सरसा घोघड़ा और सैय में 30-30 लाख तथा रेवाड़ी खेड़ा व ढाणी हरसुख में विकास कार्यों के लिए 25-25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने इन गावों में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास करना है। श्री वाल्मिकी ने कहा कि उनकी सरकार बिना पर्ची

और खर्ची और नौकरियां प्रदान कर रही है। इससे युवाओं में मेहनत के प्रति नया विश्वास पैदा हुआ है । पारदर्शिता होने से गरीब घरों के बच्चे भी नौकरी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए ही सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है, जिसको परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। आज पात्र लोग घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गत चार महीने से प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ख़राब हो गई है। दिनों-दिन अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। श्री दुष्यंत चौटाला कल उचाना में पत्रकारों से बात कर रहे थे। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा की जनता की राजनीतिक समझ अच्छी है और प्रदेश के लोग उसे चुनते हैं जो हरियाणा के हितों की लड़ाई लड़ सकता है। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के धरने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में कचरे के ढेर होने के कारण स्थानीय लोगों पर ज्यादा असर पड़ रहा है और दस साल से सिर्फ कचरे से बिजली और खाद बनाने की बातें ही की जा रही है। इसका स्थाई समाधान करना चाहिए। उचाना हलके के जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कई गांवों का दौरा किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

....